# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 सितम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी में श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा किये। उन्होंने लोगों से आगामी त्योहारों के मौसम में **वोकल फॉर लोकल** के मंत्र का स्मरण रखते हुए, उन्हें स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और भारतीय उत्पादों को खरीदने से परिवार में खुशियां बढ़ जायेंगी।

***आने वाले दिनों में एक के बाद एक त्योहार और खुशियां आने वाली हैं। हर पर्व पर हम खरीदारी भी खूब करते हैं। और इस बार तो जीएसटी बचत उत्सव भी चल रहा है। अगर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। वोकल फॉर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए।***

श्री मोदी ने कहा कि त्यौहार के मौसम के दौरान केवल घर ही नहीं, बल्कि सड़कों, पड़ोस, बाजार और गांव की भी स्वच्छता पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और गायिका लता मंगेशकर की जयंती होने के कारण मन की बात की यह कड़ी काफी महत्वपूर्ण हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब छठ पूजा एक वैश्विक उत्सव में बदल रही है। सरकार इस महापर्व को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल करने के प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार के ऐसे ही प्रयासों के कारण कोलकाता की दुर्गा पूजा यूनेस्को सूची में शामिल हुई है। प्रधानमंत्री ने सात अक्तूबर को मनाई जाने वाली महर्षि वाल्मीकि जयंती के संबंध में कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने ही रामायण के माध्यम से लोगों को भगवान राम के अवतार से जुड़ी कथा से अवगत कराया। श्री मोदी ने देशवासियों को आगामी त्योहारों और खासकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्ययना ने आज बलरामपुर में आठ सौ पच्चीस करोड़ की 124 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस अवसर उन्होंने देवीपाटन मंडल में जल्द एक स्पोर्ट्स कालेज बनवाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर का निरीक्षण भी किया।

**********

वाराणसी के रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आज सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से एमएसएमई सेवा पर्व की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए केन्द्रीय मंत्री जीतन राम माझी ने कहा कि आज दुनिया में जिस प्रकार अनिश्चितता चल रही है उसका एक मात्र समाधान एमएसएमई है। इसके माध्यम से हम स्वदेशी उत्पादों का निर्माण कर विकसित भारत की नींव तैयार कर सकते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न उत्पादों के एक सौ बीस से ज्यादा स्टॉल लगाये गये हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव की शुरूआत 22 सितंबर से हुई है। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर 'कर की दर' कम होने से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। एक रिपोर्ट–

***कृषि क्षेत्र में मखाना आधारित स्नेक्स पर जीएसटी दर को 12ः से घटकर 5ः कर दिया गया है। जूस जैम और आचार पर जीएसटी 12ः से घटकर पांच प्रतिशत करने से स्थानीय उद्योगों को लाभ होगा और खपत भी बढ़ेगी।***

***बिस्किट पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत और नमकीन और सॉस पर 12ः घटकर 5ः करने से पैकेज फूड की कीमतें और सस्ती होंगी। इससे खपत बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के साथ–साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा दृष्टि के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन की भावना से परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। 'सेवा पर्व' की विशेष श्रृंखला में, हम आज आपको बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री जन–धन योजना से किस प्रकार वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है।

***नरेन्द्र मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वित्तीय समावेशन रही है। यह पिछले दशक में भारत की विकास गाथा का आधार रहा है। वर्ष 2014 में पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की आरंभिक पहलों में एक प्रधानमंत्री जन धन योजना थी। 56 करोड़ से अधिक जन–धन खातों के साथ, यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल बन गई है। इस योजना के अंतर्गत 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में हैं, और 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इस योजना ने हर घर तक बैंकिंग सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित की है। मुकेश कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाल्मीकि जयंती पर सात अक्टूबर को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि वाल्मीकि जयंती पर संस्कृति और पर्यटन विभाग के सहयोग से प्रदेश भर के देवालयों में रामायण पाठ का आयोजन भी कराया जायेगा।

**********

शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि पर मां भगवती के छठें स्वरूप माता कात्यायनी की पूजा–अर्चना की जा रही है। देश के सभी दुर्गा मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही श्रद्धालु विधि–विधान से माता की आराधना कर रहे हैं।

**********